**परेशानी** ग्रामीण क्षेत्रों के हितग्राहियों के आधार कार्ड नहीं बनने से है परेशान

# एक माह से बंद पड़ी मशीन,भटक रहे उपभोक्ता

**नवभारत,नरसिंहपुर,तेंदूखेड़ा।** आजकल आधार कार्ड को लगभग हर क्षेत्र में आवश्यक कर दिया गया है। चाहे शासकीय हो या अशासकीय बगैर आधार कार्ड के अब कुछ नहीं हो रहा है। और तहसील मुख्यालय तेंदूखेड़ा सहित आस पास ग्रामीण क्षेत्रों के हितग्राहियों के आधार कार्ड ना बन पाने के कारण पिछले एक माह से परेशान देखे जा रहे हैं।

हितग्राहियों का कहना है कि तेंदूखेड़ा में लोक सेवा केन्द्र में आधार कार्ड बनाए जाते थे। लेकिन अब वहां नहीं बनाये जा रहे हैं। हमारे प्रतिनिधि के द्वारा जब इस संबंध में चर्चा की गई तो पता चला है कि पूर्व में जिस लेपटाप से काम हुआ करता था। पुराना हो जाने और नया लेपटाप अपडेशन नहीं होने के कारण हितग्राहियों को परेशान होना पड़ रहा है। तेंदूखेड़ा लोक सेवा केन्द्र से भी वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया है लेकिन आजकल आजकल के चलते काफी लंबा समय बीत चुका है। छोटे छोटे बच्चों से लेकर विभिन्न लोगों के जिनके आधार कार्ड अपडेशन होने नहीं उन्हें आवश्यक कार्य में जरुरी लग रहें है।




## मुख्यालय पर मात्र एक केंद्र, मंगवाई गई थी सर्वे रिपोर्ट

तेंदूखेड़ा क्षेत्र में एक मात्र केंद्र है और वह भी बंद पड़ा सबसे बड़ी विसंगति पूर्ण स्तिथि यहां पर यह देखने में आई है कि तहसील मुख्यालय में मात्र एक ही केंद्र बना हुआ है। जबकि तेंदूखेड़ा और आस पास ग्रामीण क्षेत्रों की सुविधा की दृष्टि से यहां पर तीन से चार केंद्र होना आवश्यक है। इस संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को पूर्व में एक लिखित आवेदन भी दिया गया था लेकिन इस दिशा में आज तक कोई उचित व्यवस्था नहीं हो सकी है। हितग्राही आधार कार्ड को लेकर परेशान बनें हुए हैं। इस संबंध में जब हमारे प्रतिनिधि द्वारा ई गर्वनेंस प्रबंधन से चर्चा की गई तो उनका कहना था कि जिले से एक सर्वे रिपोर्ट मांगी गई थी वह ना आने के कारण केंद्र बंद कर दिए गए हैं। लेकिन केंद्र प्रभारियों का कहना है कि जिन केंद्रों से सर्वे रिपोर्ट पहुंच गई है उन्हें चालू रखना चाहिए।ऐसी स्थिति में हितग्राही परेशान हो रहे हैं।

# पुलिस ने 37 प्रकरणों में 145 लीटर शराब जब्त की

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** जिले में अवैध गतिविधियों एवं महिला संबंधी अपराधों में पूर्णत: प्रतिबंध लगाने अवैध कारोबार करने वाले गुण्डा बदमाशों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने जिला पुलिस अधीक्षक डॉ ऋषिकेश मीणा द्वारा विशेष कार्य योजना तैयार की गई है जिसके तहत जिले भर में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस कार्यवाही के चलते तेंदूखेड़ा अनुभाग के तहत एस डी ओ पी अभिनव मिश्रा के निर्देशन में तेंदूखेड़ा सुआतला पलोहा और बरमान चौकी में अलग-अलग कार्यवाही की गई जिसमें थाना तेंदूखेड़ा अंतर्गत 9 प्रकरण पंजीबद्ध किये गये जिनमें 8 प्रकरणों में 124 पाव देशी शराब लगभग 12400 रुपये तथा 01 प्रकरण में 5 लीटर कच्ची महुआ शराब लगभग 500 रुपए इसी तरह थाना सुआतला के अंतर्गत 19 प्रकरण पंजीबद्ध किये गये है जिनमें 14 प्रकरणों में 68.22 लीटर देशी शराब कीमती करीबन 38360 रूपये एवं 03 प्रकरण 15 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती करीबन 1750 रूपये एवं 02 प्रकरण में 6.3 लीटर देशी एवं अंग्रजी शराब कीमती करीबन 5250 रूपये अनुभाग के थाना पलोहा अंतर्गत आबकारी एक्ट के तहत कुल 09 प्रकरण पंजीबद्ध किये गये है।

# दिशा-सूचक बोर्डों का अभाव, भ्रमित हो रहे राहगीर

**नवभारत,गोटेगांव।** नगर के व्यस्ततम बायपास पर स्थित गौ माता चौक इन दिनों दिशा-सूचक बोर्डों (साइन बोर्ड) की कमी के कारण राहगीरों के लिए पहेली बन गया है। धूमा, नरसिंहपुर और जबलपुर जैसे तीन महत्वपूर्ण मार्गों को जोड़ने वाला यह चौराहा यातायात की दृष्टि से बेहद संवेदनशील है, लेकिन यहाँ स्पष्ट संकेतक न होने से बाहरी यात्री अक्सर रास्ता भटक जाते हैं। यहां आने वाले यात्रियों, जैसे रहली के रामदयाल पटेल और सीहोरा की रेखा ठाकुर ने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि चौराहे पर कोई स्पष्ट बोर्ड न होने के कारण उन्हें स्थानीय दुकानदारों से रास्ता पूछना पड़ता है। जानकारी के अभाव में कई बार वाहन चालक गलत दिशा में कई किलोमीटर आगे निकल जाते हैं, जिससे उनका समय और ईंधन दोनों बर्बाद होता है। धूमा मार्ग की ओर जाने वाले पुराने बोर्ड इतने धुंधले हो चुके हैं कि उन्हें पढ़ पाना अब नामुमकिन है। स्थानीय नागरिकों और राहगीरों ने प्रशासन से मांग की है कि गौ माता चौक पर तीनों दिशाओं के लिए बड़े और रिफ्लेक्टिव (रात में चमकने वाले) संकेतक बोर्ड लगाए जाएं। इससे न केवल यात्रियों को सुविधा होगी, बल्कि दुर्घटनाओं की आशंका भी कम होगी। अब देखना यह है कि संबंधित विभाग इस जनसुविधा की ओर कब ध्यान देता है।



# जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल से बदली ग्राम मानेगांव की तस्वीर

**नवभारत,नरसिंहपुर।** जिले के गोटेगांव विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम मानेगांव में जल जीवन मिशन के तहत नल जल योजना ने ग्रामीण परिवारों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन की नई कहानी लिख दी है। अब स्वच्छ पेयजल ग्राम के घरों की देहरी तक उपलब्ध हो गया है। नल जल योजना से ग्राम मानेगांव के प्रत्येक परिवार को सुरक्षित एवं पर्याप्त पेयजल मिलने लगा है। इससे जहां महिलाओं को पानी भरने की दैनिक मशक्कत से मुक्ति मिली है, वहीं बच्चों के स्वास्थ्य एवं शिक्षा पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। स्वच्छ जल की उपलब्धता से बीमारियों में कमी आई है और स्वच्छता के प्रति जागरूकता भी बढ़ी है। मानेगांव की पूजा यादव बताती हैं कि पहले पानी के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी, जिससे समय और ऊर्जा दोनों की हानि होती थी। अब घर में नल से जल मिलने से दैनिक कार्य सहज हो गए हैं और जीवन में सुकून आया है। जल जीवन मिशन के माध्यम से सरकार का हर घर जल का संकल्प ग्राम मानेगांव में साकार हुआ है, जिससे ग्रामीण जीवन की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिल रहा है। यह योजना न केवल बुनियादी सुविधा उपलब्ध करा रही है।




# शासकीय महाविद्यालय में विश्व वेटलैंड दिवस मनाया

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** विश्व वेटलैंड दिवस पर शासकीय महाविद्यालय में भूगोल विभाग के डॉ. प्रशांत कुमार ने विद्यार्थियों को आर्द्रभूमि के बारे में जानकारी देते हुए पर्यावरण में जैव विविधता के लिए आर्द्रभूमि के महत्व को विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि नगरीकरण औद्योगीकरण के बढ़ने से आर्द्रभूमि समाप्त हो रही है। लगभग विश्व की 90 प्रतिशत आर्द्रभूमि विकास के कारण खत्म हो चुकी हैं पर्यावरण की सुरक्षा के लिए आर्द्रभूमि का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर के झा ने भी जल संरक्षण पर जोर दिया। और जल है तो कल है तथा जल ही जीवन है की अवधारणा को समझाया।

# ध्वनि यंत्रों के उपयोग पर लगाया प्रतिबंध, उल्लंघन होने पर होगी दंडात्मक कार्रवाई

**नवभारत,गाडरवारा।** क्षेत्र की शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा आने वाले वोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों के जुटे हुये विद्यार्थियों के हितों की रक्षा को ध्यान में रखते हुए जिला दंडाधिकारी रजनी सिंह ने मध्यप्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम, 1985 के तहत जिले की संपूर्ण राजस्व सीमाओं में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।



जिला दंडाधिकारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार, किसी भी निजी या सार्वजनिक कार्यक्रम में लाउड स्पीकर, डेक, डीजे, बैंड-बाजा अथवा अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना नहीं किया जा सकेगा। माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में रात्रि 10 बजे से प्रात: 6 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि अत्यंत आवश्यक परिस्थितियों में ही प्रात: 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक, निर्धारित मानकों के अंतर्गत, ध्वनि स्तर परिवेशी ध्वनि से अधिकतम 10 डेसीबल (लगभग 1/4 वॉल्यूम) तक ही उपयोग की अनुमति दी जा सकेगी। इसके लिए सभी अनुविभागीय दंडाधिकारियों को उनके-अपने अनुविभाग में विहित प्राधिकारी नियुक्त किया गया है। मध्यप्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम, 1985 के प्रावधानों के तहत हेड कांस्टेबल से कम पद का नहीं कोई भी पुलिस अधिकारी, आदेश का उल्लंघन करते पाए जाने पर संबंधित ध्वनि विस्तारक यंत्र को अभिग्रहीत (जप्त) कर सकेगा तथा नियमानुसार कार्रवाई करेगा। आदेश के उल्लंघन पर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। जिला दंडाधिकारी रजनी सिंह ने बताया कि वर्तमान में स्कूल एवं कॉलेजों की परीक्षाएं निकट हैं और तेज ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग से विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित होती है, जिससे उनके भविष्य पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। विद्यार्थियों के अध्ययन हेतु शांत वातावरण सुनिश्चित करना लोकहित में आवश्यक है, इसी उद्देश्य से जिले में यह प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है। इस तरह जिला कलेक्टर द्वारा तो आदेश जारी कर दिया गया है। मगर अब देखना यह होगा कि इस आदेश का पालन होता हैं कि पूर्व के आदेश की तरह मात्र अखबारों की सुर्खियों तक सीमित होकर रह जावेगा। क्योंकि इसी प्रकार से बीते हुये माह क्षेत्र की सड़को पर दौड़न वाले एक ट्रेक्टर में डबल ट्रालियों के संचालन को लेकर भी आदेश जारी किया गया था। मगर शायद ही उस आदेश का कही पालन होते हुये देखा गया।




# प्रयागराज गंगा स्नान हेतु श्रद्धालुओं को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**नवभारत,गोटेगांव।** विगत दिवस स्थानीय मणिनागेंद्र सिंह फाउंडेशन की रीवा इकाई द्वारा माघ मेला, प्रयागराज में गंगा स्नान हेतु श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष बस सेवा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर फाउंडेशन के सचिव इंजी. सरदार सिंह पटेल ने बस को हरी झंडी दिखाकर श्रद्धालुओं को शुभ यात्रा के लिए रवाना किया। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने फाउंडेशन के इस सामाजिक एवं धार्मिक सेवा कार्य की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा एवं सांस्कृतिक मूल्यों का संरक्षण होता है। मणिनागेंद्र सिंह फाउंडेशन द्वारा निरंतर समाज सेवा, धार्मिक आस्था एवं सांस्कृतिक परंपराओं को सशक्त करने की दिशा मे।

## एक नजर में




### छात्रा धन्या अग्रवाल को मिला राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान


**नवभारत,करेली।** नगर की शिक्षण संस्था कार्मेल स्कूल करेली की प्रतिभाशाली छात्रा धान्या अग्रवाल ने हिंदी ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त किए। इस उपलब्धि के लिए उन्हें हिंदी विकास संस्थान, दिल्ली द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान समारोह में राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया गया। धन्या की यह सफलता उनके समर्पण, मेहनत और हिंदी भाषा के प्रति लगाव को दर्शाती है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर विद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

### एंजिल प्रताप ने ब्रॉज मेडल प्राप्त कर जिले का नाम रौशन किया



**नवभारत,गाडरवारा।** विगत दिवस मध्य प्रदेश खेलो एमपी यूथ गेम 30 दिसंबर को नर्मदापुरम (होशंगाबाद) में संपन्न हुए जिसमें नरसिंहपुर जिले के मार्शल आर्ट एकैडमी गाडरवारा से एंजिल प्रताप सिंह कौरव ,नमामि भट्ट एवं कोच के रूप में नवनीत भट्ट ने सहभागिता की । जिसमें नरसिंहपुर से खेलते हुए एंजिल प्रताप सिंह ने ब्रोंज मेडल प्राप्त कर नरसिंहपुर की उपलब्धियां में एक और आयाम जोड़ दिया, कोच नवनीत भट्ट, प्रिया पंड्या संचालक गिरिराज एवं ताइक्कांडो क्लब के सभी सदस्यों सहित सभी शुभचिंतकों ने अपनी बधाइयां दी है।

### ठाकुर परिवार में शोक



**नवभारत,गाडरवारा।** शास्त्री वार्ड के ठाकुर परिवार के सदस्य संतोष कुमार सिंह का 55वर्ष की आयु में निधन हो गया संतोष. शिवसिंह ठाकुर के भतीजे व सुनील ठाकुर के चचेरे भाई व शुभम राजपूत भाजपा पार्षद व गाडरवारा के चाचा थे अंतिम यात्रा सोमवार को निकली गई, शव यात्रा में सभी वर्ग के लोगो ने शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संवेदनाएं व्यक्त की ।

### श्रीमती मीना राय का निधन



**नवभारत,गोटेगांव।** विगत दिवस नगर के प्रतिष्ठित नागरिक समाजसेवी आजाद वार्ड निवासी मानकलाल राय की धर्मपत्नि एवं रघुनाथ राय सुरेशकुमार राय (नवरंग स्टूडियो) की परम पूज्य माताश्री श्रीमति मीना राय का लगभग 72 वर्ष की आयु में बीमारी के चलते अचानक हृदयगति रुक जाने की वजह से आकस्मिक निधन हो गया है,आप सहज सरल मिलनसार व्यक्तित्व की महिला थी,आपके निधन का समाचार प्राप्त होतेही परिवारजनों व शुभचिंतकों में गहरा शोक व्याप्त हो गया।

# हनुमान जी के प्रथम प्रकटोत्सव पर उमड़ा जनसैलाब

**नवभारत,गोटेगांव।** रिपटा मोहल्ला स्थित हनुमान मंदिर में जय मां अंजनी लाल सेवा समिति द्वारा हनुमान जी का प्रथम प्रकटोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर सुबह से ही मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना का दौर शुरू हो गया था। विधि-विधान से पूजन के उपरांत बजरंग बली को लड्डू और चने का भोग अर्पित किया गया। प्रकटोत्सव के उपलक्ष्य में संपूर्ण मंदिर परिसर को आकर्षक फूल-मालाओं और रंग-बिरंगी विद्युत सज्जा से सजाया गया था, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहा। उत्सव के दौरान स्वामी अचलानंद जी महाराज का गरिमामय आगमन हुआ, जिनके ज्ञानवर्धक प्रवचनों का लाभ उपस्थित भक्तों को प्राप्त हुआ। धार्मिक अनुष्ठानों के क्रम में मंदिर में सुंदरकांड और सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया।




# मुशरान पिपरिया में नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर का ग्रामीणों ने उठाया लाभ

**नवभारत,गोटेगांव।** समृद्ध विकास समिति पिपरिया मुशरान के तत्वाधान में ग्राम पंचायत पिपरिया मुशरान में एक विशाल निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

श्रीधाम हॉस्पिटल गोटेगांव के अनुभवी डॉक्टरों और स्टाफ के विशेष सहयोग से आयोजित इस शिविर में क्षेत्र के बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर स्वास्थ्य लाभ लिया। शिविर के दौरान विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा सामान्य रोगों के साथ-साथ नेत्र रोग, दंत रोग, हड्डी रोग और नाक-कान-गला संबंधी बीमारियों का गहन परीक्षण किया गया। ईसीजी जैसी आवश्यक जांचें भी निशुल्क की गईं। डॉक्टर अक्षय गोस्वामी, डॉक्टर वर्मा एवं उनके सहयोगी स्टाफ ने मरीजों का परीक्षण कर उन्हें निशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया। इस सेवाभावी कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजन समिति के अध्यक्ष व समाजसेवी रामजी पटेल, ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव और समस्त ग्रामवासियों का विशेष सहयोग रहा। सभी ने समिति के इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे ग्रामीण क्षेत्र के लिए अत्यंत लाभदायक बताया।

# ब्राह्मण समाज की पहल पर लगा नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर

**नवभारत,करेली।** विगत दिवस को सर्व ब्राह्मण समाज सभा करेली व भगवान परशुराम सेना द्वारा जिला स्तरीय नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमे जिले व बाहर से आये विप्र डॉक्टर्स द्वारा सर्व जन हिताय -सर्व जन सुखाय की भावना से नि:शुल्क उपचार किया गया।




इस शिविर मे हार्ट, ऑर्थो, स्त्री रोग, मानसिक रोग व सभी प्रकार के जटिल रोगों के उपचार हेतु परामर्श के साथ श्वष्टत्र, पैथोलॉजी, ब्लड प्रेसर, शुगर व सभी जाचे नि:शुल्क की गयी साथ ही दवाई का वितरण भी नि:शुल्क हुआ। कार्यक्रम मे पधारे डॉ संजीव चान्दोरकर, डॉ राजकुमार उपाध्याय, डॉ अजय उपाध्याय, डॉ जी सी दुबे, डॉ आस्था भार्गव, डॉ गौरव उपाध्याय, डॉ अश्विन काशिव, डॉ अभिजीत कटारे, डॉ आर एन शुक्ला, डॉ पी डी शुक्ला, डॉ आशीष उपाध्याय, डॉ यागेश तिवारी, डॉ आशुतोष देवलिया, डॉ अमन दुबे, डॉ नूपुर (शर्मा) देवलिया, डॉ अनिल शर्मा, डॉ अंचल शर्मा, डॉ अर्चना शुक्ला, प्रज्ञा शुक्ला, डॉ अपूर्व कठल, डॉ तान्या कठल व करेली बी एम ओ डॉ आदित्य नेमा, शांतनु चौबे के साथ अन्य डॉक्टर्स टीम ने सेवाये दी तथा स्वास्थ्य विभाग व पैथोलॉजी से शिवानी पैथोलॉजी, निदान पैथोलॉजी, फार्मा से रविंद्र तिवारी, शुभम पचौरी, पंकज राजपूत व शासकीय चिकित्सालय के डॉक्टर्स व स्टॉफ का विशेष सहयोग रहा कार्यक्रम का शुभारम्भ भगवान परशुराम जी व भगवान धनवंतरी के पूजन व सभी डॉक्टर्स के सम्मान से हुआ तथा सभी डॉक्टर्स को सभा द्वारा धनवंतरी सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया, वही सर्व ब्राह्मण समाज सभा करेली के अध्यक्ष जगदीश मिश्रा के साथ ब्राह्मण समाज से भारती पालीवाल, महेश देवलिया, शशि स्वामी, दिव्या भारती शर्मा, शैलेन्द्र शर्मा,. कमलेश शर्मा,. सौरभ तिवारी,. राजीव तिवारी, सचित शर्मा,. यश दुबे, ओम दुबे, नैंसी तिवारी, शिवि दीक्षित, स्वेता पस्टारिया, भावना तिवारी, सोनल दुबे, अंजली गुप्ता, साक्षी शर्मा आदि ने विशेष सहयोग किया।

# वीआईपी स्कूल में मेरा युवा भारत के तहत खेल स्पर्धा आयोजित

## कबड्डी और वॉलीबॉल जैसी पारंपरिक एवं लोकप्रिय स्पर्धाओं में युवाओं ने अपने कौशल और दमखम का प्रदर्शन किया

**नवभारत,साईखेड़ा।** स्थानीय वीआईपी स्कूल में मेरा युवा भारत अभियान के तत्वाधान में खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान कबड्डी और वॉलीबॉल जैसी पारंपरिक एवं लोकप्रिय स्पर्धाओं में युवाओं ने अपने कौशल और दमखम का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के समापन पर नगर के गणमान्य अतिथियों द्वारा विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।



### रोमांचक रहे मुकाबले

प्रतियोगिता का मुख्य आकर्षण कबड्डी और वॉलीबॉल मैच रहे। कबड्डी में खिला?ियों के बीच जबरदस्त संघर्ष देखने को मिला, जहाँ रेडर्स और डिफेंडर्स ने अपनी फुर्ती से दर्शकों की तालियां बटोरीं। वहीं वॉलीबॉल के फाइनल मुकाबले में दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर हुई। खेल के दौरान अनुशासन और टीम भावना का उत्कृष्ट उदाहरण देखने को मिला। अतिथियों ने बढ़ाया उत्साह पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि सचिन अग्रवाल, शिवांश दुबे और पवन राय उपस्थित रहे। अतिथियों ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी एवं मेडल प्रदान किए। इस अवसर पर सचिन अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि खेल के मैदान से ही युवाओं में नेतृत्व क्षमता और धैर्य विकसित होता है।

**युवाओं को मिला मंच**

मेरा युवा भारत जैसे अभियान युवाओं को एक नई दिशा प्रदान कर रहे हैं। अन्य अतिथियों ने भी खिलाड़ियों को निरंतर अभ्यास करने और खेल को जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। स्कूल प्रबंधन ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को मानसिक और शारीरिक रूप से सुदृढ़ बनाना तथा उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक बेहतर मंच प्रदान करना है। कार्यक्रम के अंत में स्कूल स्टाफ ने अतिथियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान बड़ी संख्या में छात्र, शिक्षक और खेल प्रेमी उपस्थित रहे।




# बच्चों को भोजन सामग्री, आवश्यक स्टेशनरी प्रदान की गई

**नवभारत,करेली।** समय समय पर कार्मेल परिवार द्वारा समाजक्षेत्र में सामाजिक समरसता बढाने का कार्य किया जाता है इसी क्रम में विगत दिवस सेवा और संवेदना की भावना को साकार करके कारमेल स्कूल करेली के प्राचार्य फादर केल्विन शिक्षिका वर्षा राजपूत एवं विद्यालय के छात्र छात्राओं ने समाज के जरूरतमंद वर्ग के बीच पहुँचकर अन्नदान का सराहनीय कार्य किया। विद्यालय परिवार करेली स्थित एम फॉर छात्रावास पहुँचे जहाँ छात्रावास में रह रहे बच्चों को भोजन सामग्री, आवश्यक स्टेशनरी प्रदान की गई इस अवसर पर फादर केल्विन ने कहा की अन्न सबसे बड़ा दान है और इससे न केवल भूख मिटती है बल्कि मानवता के प्रति हमारी जिम्मेदारी भी पूर्ण होती है विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह और करुणाभाव के साथ इस सेवा कार्य में भाग लिया। इसी दौरान एम फॉर सेवा छात्रावास में प्रिंसिपल फादर केल्विन ने ओम जय जगदीश हरे आरती गाकर वातावरण को भक्ति भाव से भर दिया आरती के पश्चात बच्चों को प्रसाद स्वरूप मिठाई वितरित की गई।